नंदी ले जा मेरा सन्देश

ओ नंदी ले जा मेरा सन्देश,
कहियो डमरुँ वाले को,
ओ नंदी ले जा मेरा सन्देश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को........

कई जन्मों से माला जप रही,
चन्दन इस माथे पे लग रही,
अरे मेरा जोगण वाला भेष,
सुनाईयों डमरुँ वाले को,
ओ नंदी ले जा मेरा सन्देश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को..........

मैं विरह में मरी पड़ी हूँ,
कौन सुने दुःख भरी रे पड़ी हूँ,
अरे वो जगतपति जगदीश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को,
ओ नंदी ले जा मेरा सन्देश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को..........

पहाड़ों ऊपर तेरा ठिकाना,
प्राण नाथ शिव शम्भु माना,
अरे मेरा लगे जी जिमे ठेस,
सुनाईयों डमरुँ वाले को,
ओ नंदी ले जा मेरा सन्देश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को......

खान पीन में भांग धतूरा,
कोयल काळी बन में कूके,
अरे मैं कैसे आऊं पेश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को,
ओ नंदी ले जा मेरा सन्देश,
सुनाईयों डमरुँ वाले को...........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26229/title/nandi-le-ja-mera-sandesh

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |